खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है

देख के ज़माना मुझे जल रहा है,
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है,
दिल के सभी को यही खल रहा है,
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है,
जय जय श्री श्याम.........

चलेगा भई चलेगा ये साथ तेरे चलेगा....

मान मुझे छोटा कभी पास ना बिठाया,
अपनों ने कर दिया मुझको पराया,
मेरी तक़दीर को बदल रहा है,
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है,
देख के ज़माना.........

दांव कई खेले पर दाल ना गली है,
मुझपे किसी की कोई चाल ना चली है,
बैठा बैठा हाथ वहीँ मल रहा है,
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है,
देख के ज़माना.........

चलेगा भई चलेगा ये साथ तेरे चलेगा.....

सांवरे से मांगू यही मुझे ना भुलाना,
तेरे ही भरोसे बाबा तेरा ये दीवाना,
लाड में सचिन तेरे पल रहा है,
खाटू वाला साथ मेरे चल रहा है,
देख के ज़माना.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30962/title/khatu-wala-saath-mere-chal-raha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |